अति आवश्यक
स्मार पत्र

राज्य निर्वाचन आयोग
बिहार
STATE ELECTION COMMISSION, BIHAR

संख्या प.नि. 30–87/2025 2995

From,

Sanjay Kumar, I.A.S.
OSD,
State Election Commission, Bihar.

To,

Lt.Col.R.S.Bains,
Sr. DGM
In-charge, ECIL-EMSD,
Electronics Corporation of India Ltd. (ECIL)
Hyderabad-500051.

पटना, दिनांक– 7.7.26

**विषय– मल्टी पोस्ट ई.वी.एम. उपलब्ध कराने के संबंध में।**

**प्रसंग– राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार एवं ECIL हैदराबाद के मध्य सम्पादित एकरारनामा दिनांक–04.11.2025 एवं आयोग का पत्रांक–2645 दिनांक–25.06.2026, पत्रांक–2576 दिनांक–23.06.2026, पत्रांक–2380 दिनांक–05.06.2026, पत्रांक–1718 दिनांक–29.04.2026 एवं पत्रांक–1508 दिनांक–10.04.2026**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय प्रासंगिक पत्रों का कृपया स्मरण किया जाए।

आयोग के प्रासंगिक पत्रों से एकरारनामा के अनुसार अविलम्ब शेष बचे (C.U.-29000, B.U.-182800, SMM-133000 & Totalizer-480) एस 3 ई.वी.एम. की आपूर्ति का बार–बार अनुरोध करने के बावजूद अब तक न तो आपूर्ति प्रारंभ की गयी और न ही Supply Schedule उपलब्ध करायी गयी है, जो कि एकरारनामा के प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन है।

ज्ञातव्य हो कि आयोग द्वारा मल्टी पोस्ट ई.वी.एम. से ही आगामी नगरपालिका/पंचायत निर्वाचन सम्पन्न कराने का निर्णय लिया गया है एवं तत्संबंधी राज्य सरकार का अनुमोदन प्राप्त है। बिहार पंचायत आम निर्वाचन, 2026, सितम्बर से दिसम्बर 2026 के मध्य प्रस्तावित है, जिसे संवैधानिक प्रावधानों के तहत ससमय कराया जाना अनिवार्य है। अतएव एस 3 ई.वी.एम. की आपूर्ति के अभाव में यदि निर्वाचन कार्य बाधित होता है, तो ऐसी बाध्यकारी स्थिति में एकरारनामा के शर्तों के अधीन आयोग विधि सम्मत कार्यवाही के लिए बाध्य होगा एवं इसकी सारी जबावदेही ई.सी.आई.एल. की होगी।

उक्त वर्णित स्थिति में पुनः अनुरोध है कि पत्र प्राप्ति के अधिकतम एक सप्ताह के अन्दर शेष बचे सभी ई.वी.एम. एवं अनुषंगी उपस्करों यथा एस.एम.एम., टोटलाईजर इत्यादि की आपूर्ति सुनिश्चित करने की कृपा की जाए।

**कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करने की कृपा की जाए।**

विश्वासभाजन
07/7/26
विशेष कार्य पदाधिकारी।

Sone Bhawan, 3rd Floor, Birchand Patel Marg, Patna – 800 001, Phone 2506826, 2506917, 2506844, 2506994 Fax: 0612-2507847| E-mail: secbihar



E:\dhiru\Prem sir letter.2.docx